उत्तराखंड शासन के आदेशानुसार सत्र 2018-2019 से महाविद्यालय को श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध कर दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्नातक स्तर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर तथा पद्धति से प्रवेश दिया जा रहा है।

**विविध संकाय एवं विषय/पाठ्यक्रम चयन**

वर्तमान में महाविद्यालय में चार संकायो के अन्तर्गत विषयों की उपलब्धता निम्नवत है-

1. **कला संकाय में उपलब्ध विषय**

| क्रमांक | विषय | स्नातक स्तर पर सीट | स्नातकोत्तर स्तर पर सीट |
|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी | 120 | 60 |
| 2 | अग्रेज़ी | 120 | - |
| 3 | संस्कृत | 60 | - |
| 4 | इतिहास | 120 | 60 |
| 5 | भूगोल | 60 | - |
| 6 | राजनीति विज्ञान | 120 | 60 |
| 7 | अर्थशास्त्र | 120 | 60 |

2. **विज्ञान संकाय में उपलब्ध विषय**

| क्रमांक | विषय | स्नातक स्तर पर सीट | स्नातकोत्तर स्तर पर सीट |
|---|---|---|---|
| 1 | गणित | 60 | - |
| 2 | भौतिक विज्ञान | 60 | - |
| 3 | रसायन विज्ञान | 120 | 15 |
| 4 | जंतु विज्ञान | 60 | 15 |
| 5 | वनस्पति विज्ञान | 60 | 15 |
| 6 | भू-विज्ञान | 60 | - |

3. **वाणिज्य संकाय में उपलब्ध विषय**

| क्रमांक | विषय | स्नातक स्तर पर सीट | स्नातकोत्तर स्तर पर सीट |
|---|---|---|---|
| 1 | वाणिज्य | 60 | 60 |

4. **शिक्षक–शिक्षा संकाय (बी.एड.)**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम संचालित है। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड राज्य विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण प्रवेशार्थियों को इसमें प्रवेश दिया जाता है। महाविद्यालय में विज्ञान व विज्ञानेतर विषयों को मिलाकर कुल 50+5 (EWS) स्थान उपलब्ध हैं। इसके प्रवेश व संचालन नियम विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) के निर्देशन में बनाये जाते हैं।

## दूरस्थ शिक्षा

**उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय** (UOU)- महाविद्यालय परिसर में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (UOU) का अध्ययन केन्द्र संख्या 14005 वर्ष 2010-11 से संचालित है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) तथा उत्तराखंड शासन द्वारा व्यक्तिगत परीक्षा प्रणाली समाप्ति के उपरान्त प्रवेशार्थी दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर लाभ उठाया जा सकता है। इस केन्द्र के पाठ्यक्रमों का लाभ कोई भी विद्यार्थी अथवा अन्य कोई नौकरीपेशा प्राप्त व्यक्ति उठा सकता है। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के इस अध्ययन केन्द्र द्वारा संचालित ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन सत्रों हेतु पाठ्यक्रम इस प्रकार हैं-

1. बी.ए., बी.कॉम., बी.बी.ए., बी.एससी.।
2. एम.ए. (अंग्रेजी, हिन्दी, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र)।
3. एम.एससी. (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान)।
4. एम. कॉम., एम.बी.ए., एम.एस.डब्ल्यू.।
5. डिप्लोमा कोर्स- प्रबन्धन, टूरिज्म स्टडीज, जन स्वास्थ्य एवं सामुदायिक पोषण।
6. स्नातकोत्तर डिप्लोमा- मानव संसाधन प्रबन्धन, विपणन प्रबन्धन, आपदा प्रबन्धन।
7. सर्टिफिकेट कोर्स- पंचायती राज, विक्रय कला एवं विपणन, अंग्रेज़ी भाषा, व्यक्तित्व विकास।
8. कला एवं वाणिज्य में स्नातक हेतु प्रारम्भिक कार्यक्रम (दसवीं/बारहवीं कक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी/ जिनके पास स्नातक कक्षा में प्रवेश हेतु किसी प्रकार का औपचारिक शिक्षा प्रमाण पत्र नहीं है)।